# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 01.09.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- देशभर में आज से राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जा रहा है।
- पूरे द्वीपसमूह में कचरा मुक्त अभियान के तहत सभी सत्तर ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाया गया।
- आगामी गणेश पूजा को देखते हुए द्वीपसमूह में ज़ोर–शोर से तैयारियां शुरू हो गई है।
- अण्डमान निकोबार कमान भारतीय उद्योग परिसंघ के सहयोग से पोर्ट ब्लेयर में कल से दो दिनों का तकनीकी संगोष्ठी एन्टेक का आयोजन करेगा।
- पोर्ट ब्लेयर तहसील के रंगाचांग गांव में अतिक्रमण हटाओं अभियान में करीब एक हजार एक सौ वर्ग मीटर सरकारी ज़मीन से अतिक्रमण हटाया गया।

<><><><><><><>

देशभर में आज से राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जा रहा है। यह प्रतिवर्ष पहली सितंबर से सात सितंबर तक मनाया जाता है। इस वार्षिक कार्यक्रम की शुरुआत उन्नीस सौ बयासी में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के खाद्य एवं पोषण बोर्ड द्वारा की गई थी। पोषण सप्ताह का उद्देश्य जनता के बीच पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना है, जो उत्पादकता, आर्थिक विकास और राष्ट्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। इसका उद्देश्य लोगों को शिशुओं से लेकर बुजुर्गों तक विभिन्न आयु समूहों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं के बारे में शिक्षित भी करना है। इस सप्ताह के दौरान, सरकारी और गैर–सरकारी संगठनों द्वारा संचालित पोषण शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर प्रमुख जोर दिया जाएगा। पोषण सप्ताह के दौरान, देश

भर में कई सेमिनार, कार्यशालाएँ, शैक्षिक कार्यक्रम, सम्मेलन और जन जागरूकता अभियान आयोजित किए जाएंगे। इन गतिविधियों को लोगों को संतुलित आहार बनाए रखने के लाभों, उचित पोषण के सकारात्मक प्रभाव, खराब आहार संबंधी आदतों से जुड़ी बीमारियों को रोकने के तरीकों और पोषण संबंधी कमियों को दूर करने की रणनीतियों के बारे में शिक्षित करने के लिए तैयार किया गया है।

<><><><><><><>

पूरे द्वीपसमूह में कचरा मुक्त अभियान के तहत सभी सत्तर ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसका उद्‌देश्य न सिर्फ पंचायतों को कचरा मुक्त करना था, बल्कि कचरा मुक्त पर्यावरण सुनिश्चित करना था। अभियान के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायतों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सूखे कचरे को अलग करने पर विशेष ध्यान दिया गया, जिसे एकत्र कर नजदीकी ठोस कचरा प्रबंधन कलस्टर में आगे की कार्रवाई के लिए भेजा गया। अभियान के दौरान एक हजार छह सौ पंचास किलोग्राम के करीब अलग किए गए ठोस कचरे एकत्र किए गए। ग्रामीण विकास, पंचायती राज और शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय द्वीपों को कचरा मुक्त बनाने की दिशा में प्रयासरत है और यह अभियान इन प्रयासों की ओर बढ़ता हुआ एक कदम है। ग्रामीण विकास और पंचायती राज सचिव ने अभियान में सहयोग देने और सभी के समर्पित प्रयासों के लिए उनके प्रति आभार प्रकट किया। सचिव ने अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह को स्वच्छ, हरित और कचरा मुक्त बनाने के लिए आम जनता, युवाओं, विद्यार्थियों, नागरिक समाज के संगठनों, पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों से सहयोग की अपील की है।

<><><><><><><>

आगामी गणेश पूजा को देखते हुए द्वीपसमूह में. ज़ोर–शोर से तैयारियां शुरू हो गई है। द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में पूजा–पंडालों का काम आरंभ कर दिया गया है। मूर्तिकारों द्वारा मूर्तियों को आकार दिया जा रहा है। द्वीपसमह में हर वर्ष बड़े उत्साह के साथ गणेश पूजा का आयोजन किया जाता है। प्रशासन की ओर से भी पूजा को देखते हुए पंडालों के निर्माण और सजावट को लेकर कई दिशा–निर्देश जारी किए गए है और सभी पूजा समितियों से इन दिशा–निर्देशों का पालन करने को भी कहा गया है।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार कमान, भारतीय उद्योग परिसंघ के सहयोग से पोर्ट ब्लेयर में तकनीकी संगोष्ठी एन्टेक का आयोजन करेगा। अण्डमन निकोबार कमान और भारतीय सैन्य उद्योग के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए दो दिवसीय इस संगोष्ठी का कल सुबह दीपिका सभागार में उद्‌घाटन होगा। संगोष्ठी में सेना के शीर्ष अधिकारियों सहित स्थानीय अधिकारी भी भाग लेंगे।

<><><><><><><>

एन.जी.ओस एसोसिएशन की मत्स्य उप–समिति की आम सभा की बैठक कल क्रुसेड हाउस में आयोजित की गई। बैठक में मत्स्य विभाग के कर्मचारियों से संबंधित मुद्‌दों पर चर्चा की गई। इनमें विभिन्न श्रेणियों के भर्ती नियमों में वेतन वृद्धि, पदोन्नति के अवसरों के लिए पदों का पुर्नगठन जैसे कई मुद्‌दों पर चर्चा हुई। बैठक में कार्यकारिणी समिति के सदस्यों का भी चयन किया गया।

<><><><><><><>

वार्ड नम्बर–बारह की पार्षद वसन्ता मुत्थुरमन ने नया गांव निवासी बयासी वर्षीय नीलवती के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज निधन हो गया। शव यात्रा कल दिन में ग्यारह बजे इनके निवास स्थान से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान जिला प्रशासन की ओर से सार्वजनिक सम्पत्तियों की सुरक्षा के लिए जिम्मेवारियों का निर्वहन किया जा रहा है और सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमणो को हटाया जा रहा है, ताकि ऐसे ज़मीनों का सही इस्तेमाल हो सके। पोर्ट ब्लेयर तहसील के रंगाचांग गांव में चलाए गए अभियान के दौरान करीब पांच वर्ग मीटर क्षेत्र से अतिक्रमण हटाए गए। इसके अलावा इसी क्षेत्र में कुछ और ऐसे ज़मीनों को खाली कराया गया। कल चलाए गए इस अभियान में करीब एक हजार एक सौ वर्ग मीटर क्षेत्र से अतिक्रमण हटाए गए। दक्षिण अण्डमान जिला उपायुक्त ने आम जनता को चेतावनी देते हुए कहा कि ज़िला प्रशासन सरकारी ज़मीन पर अतिक्रमण करने वालों के प्रति सख्त है और वे ऐसी हरकतों से बाज आए। प्रशासन आने वाले दिनों में भी ज़िले के अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह का अभियान चलाएगा। किसी भी तरह की पूछताछ या शिकायतों के लिए आम जनमा ज़िला नियंत्रण कक्ष में फोन संख्या दो चार शून्य एक दो सात दो तीन आठ आठ आठ एक या व्हाट्सऐप नम्बर– नौ पांच तीन एक आठ आठ आठ आठ चार–चार पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

ओग्राब्रांच पुलिस थाने की ओर से सामुदायिक सुरक्षा पर कल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाने ने नए आपराधिक कानूनों, नशीली दवाओं के दुरूपयोग के दुष्प्रभावों, साइबर अपराध, पॉक्सों अधिनियम–दो हजार बारह और यातायात

उल्लंघनों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष सत्र का आयोजन किया। यह कार्यक्रम टुसनाबाद के सामुदायिक हॉल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी और टुसनाबाद ग्राम पंचायत के प्रधान शामिल हुए। लोगों को नशीली दवाओं के दुरूपयोग के प्रभाव के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पुलिस मनोरंजन टीम द्वारा नशीली दवाओ ंके दुष्प्रभावों पर आधारित नाटक का प्रदर्शन भी किया गया। इस सत्र के दौरान साठ से अधिक छात्रों और आम जनता को जागरूक किया गया। जागरूकता सत्र दक्षिण अण्डमान पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट की देख–रेख में आयोजित हुआ।

<><><><><><><>

कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ.बी.आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान के फैशन और परिधान डिज़ाइनिंग पाठ्यक्रम के प्रशिक्षुओं और महिला मण्डल शादीपुर द्वारा कल चिन्मय मिशन में अपने हस्तनिर्मित परिधानों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन चिन्मय मिशन के स्वामी शुद्धानन्द सरस्वती ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कौशल विकास से महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण होता है। कार्यक्रम में डीब्रेट के कौशल विकास परियोजना अधिकारी डॉ. अलगुसुन्दरम ने प्रशिक्षुओं के हस्तनिर्मित परिधानों की सराहना की।

<><><><><><><>

ऐम्बिशस् बैडमिन्टन क्लब डेरीफार्म की ओर से आयोजित बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन हो गया हैं। डेरीफार्म के अटल बिहारी वायपेयी इंडोर बैडमिंटन कोट में आयोजित इस टुर्नामेंट के समापन अवसर पर सहायक आयुक्त आनन्द वर्धन मिश्रा मुख्य अतिथि थे। उन्होंने खिलाड़ियों में पुरस्कार का वितरण किया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक लांग आइलैण्ड में सैंतीस दशमलव एक मिलीमीटर, हटबे में तेरह दशमलव छह, मायाबंदर में आठ, पोर्ट ब्लेयर में पांच दशमलव तीन और वायु सेना केन्द्र कार–निकोबार में दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। अगले तीन दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपसमूह के एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है।

<><><><><><><>